## जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# भारतीय संस्कृति की आत्मा हिंदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

झालावाड़. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान मे हिंदी दिवस के उपलक्ष्य मे विविध कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई 7कार्यक्रम के शुभारंभ मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूलसिंह गुर्जर, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ अलका बागला,हिंदी विभागाध्यक्ष राम किशन माली, डॉ साधना गुप्ता सहित विभाग एवं महाविद्यालय परिवार के संकाय सदस्यों ने मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर किया।







हिंदी विभागाध्यक्ष राम किशन माली ने हिंदी भाषा के उद्भव, विकास एवं संवैधानिक स्वरूप से परिचित कराते हुए बताया कि हिंदी भारतवर्ष की आन बान शान एवं भारतीय संस्कृति की आत्मा है हिंदी विश्व की एकमात्र वैज्ञानिक भाषा है जिसका शब्दकोश ,व्याकरण और साहित्य बहुत ही विस्तृत और विशाल है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.अलका हिंदी भाषा और रोजगार विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि वर्तमान समय में हिंदी केवल हिंदी भाषी क्षेत्र की ही भाषा नहीं अपितु विश्व की भाषा बन चुकी है। हिंदी रोजगार की भाषा है हिंदी भाषी विद्यार्थी वर्तमान में अनेक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं एवं रोजगार का सर्जन भी कर रहे हैं 7 डॉ फूलसिंह गुर्जर ने बताया कि हिंदी भारतीय जन मन की भाषा है हिंदी का आत्मसातीकरण का गुण अन्य भाषाओं से अनोखा है7 हिंदी सभी भाषाओं के शब्दों को ग्रहण कर निरंतर विश्व पटल पर अपनी पहचान और स्थान स्थापित करने के लिए उत्तरोत्तर प्रगति शील हो रही है 7 डॉ.ओम प्रकाश बैरवा,डॉ रेखा भदोरिया,डॉ इकबाल फातिमा, डॉ.नीलम पालीवाल, डॉ.ममता शर्मा, डॉ.ऋचा भार्गव सहित संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने अपने अपने विचार प्रकट किए। 7विद्यार्थी सुजल धाकड़ ने हिंदी प्रेम को प्रदर्शित करते हुए बताया कि हिंदी वर्तमान की आवश्यकता ही नहीं अपितु जीवन का पर्याय भी है इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष एवं असिस्टेंट प्रोफेसर राम किशन माली ने किया। डॉ साधना गुप्ता ने आभार जताया।

खानपुर. कस्बे के शहीद मुकुटबिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय लेखक नन्दलाल सुमन, अध्यक्षता प्राचार्या उषा जैन ने की। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा हिन्दी की वर्तमान दशा एवं प्रासंगिकता विषय पर पत्र वाचन एवं हिन्दी के महत्व विषय पर कविता पाठ प्रस्तुत किए। कॉलेज की पूर्व छात्रा किरणकंवर नाथावत ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से हिन्दी का गुणगान किया। मुख्य अतिथि ने हिन्दी के उद्भव व उसके समृद्ध साहित्य से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति की रक्षक है और हिन्दी नहीं बचेगी तो हमारी संस्कृति भी नहीं बचेगी। हिन्दी विषय के संपतराज नागर ने सभी का अभार व्यक्त किया।

### गोष्ठी का आयोजन

झालावाड़. पर्यटन विकास समिति झालावाड़ द्वारा बुधवार को गढ़ परिसर में हिन्दी दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना ने कहा कि हम केवल एक दिन ही हिन्दी को याद करते है। हिन्दी भाषा में कई भाषाएं समाई हुई है। समिति के संयोजक ओम पाठक ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। इसका सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। हिन्दी भाषा को देशव्यापी बनाने के लिए हमें जन जागृति पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। समिति सदस्य भारत सिंह राठौड़ मन्जीत सिंह कुशवाह, सर्वेश्वर दत्त, नफीस शेख, फारूख अहमद, सत्य प्रकाश, दिनेश कुमार सहित सदस्य मौजूद रहे।

# शहीद मुकुट बिहारी कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया

न्यूज सर्विस/नवज्योति, खानपुर। राजकीय महाविद्यालय खानपुर में बुधवार को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नन्दलाल सुमन स्थानीय लेखक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य सुश्रीया जैन ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी की वर्तमान दक्षता एवं प्रासंगिकता किय पर पत्र वाचन एवं हिन्दी के महत्व विषय पर कविता पाठ प्रस्तुत किए।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा किरण कंवर नाथावत ने अपनी स्वरचित कविता द्वारा हिन्दी का गुणगान किया। मुख्य अतिथि ने हिन्दी के उद्भव उसके समृद्ध साहित्य से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति की रक्षक है। यदि हिन्दी बची रहेगी तो हमारी संस्कृति बची रहेगी। महाविद्यालय प्राचार्य ने हिन्दी का महत्व बताते हुए सभी को हिन्दी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया। संचालन करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विषय के अतिथि संकाय सदस्य संपतराज नागर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# महाविद्यालय में मनाया हिंदी दिवस

**दिव्य आधार, खानपुर।** स्थानीय शहीद मुकुटबिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक ओर लेखक नंदलाल सुमन रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य सुश्री उषा जैन ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र ओर छात्राओं ने हिंदी की वर्तमान दशा ओर प्रासंगिकता पर पत्र का वाचन किया। ओर कविता पाठ प्रस्तुत किया। पूर्व छात्रा किरण कंवर ने स्वरचित कविता के माध्यम से हिंदी का गुणगान किया। मुख्य अतिथि सुमन ने हिंदी के उद्भव, उसके समृद्ध साहित्य से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति की रक्षक है। हिंदी बचेगी तो हमारी संस्कृति बचेगी। प्राचार्य जैन ने हिंदी का महत्व बताते हुए सभी को हिंदी भाषा में अपने हस्ताक्षकर करने के लिए प्रेरित किया। संचालन हिंदी विषय के अतिथि संकाय सदस्य संपतराज नागर ने किया। ओर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।